ट्रेलर चालक ने ओवर टेक के बाद लगाया अचानक ब्रेक

ट्रक ट्रेलर की भिडंत के बाद ट्रक चालक की मौत

रायगढ़। ट्रक को ओवर टेक करने के बाद ट्रेलर चालक के द्वारा अचानक ब्रेक लगा देने से पीछे चल रहे ट्रक का चालक वाहन में फंस गया और अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म पंजीबद्ध कर लिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम रूपनुर थाना बसंतपुर जिला बलरामपुर में रहने वाला सदावत पिता नंदकेशव देवांगन उम्र 42 वर्ष वाड्रफनगर के जोगेन्दर यादव का ट्रक क्रमांक सीजी 15 - डीई 3244 को चलाता है। 05 जुलाई की सुबह करीब 11 बजे सदावत देवांगन और ट्रक ड्रायवर अमन यादव अपनी -अपनी ट्रक लेकर रायगढ राधे गोविन्द फैक्ट्री आये थे जहां से अपने ट्रकों में लोहा लोड कर करीब 8 बजे रात्रि लखनउ जाने के लिए निकले । रास्ते में पूंजीपथरा में रूककर दोनों खाना खाये करीब रात्रि 11 बजे वहां से निकले कि सरियानाला धरमजयगढ से कुछ दूर पहले करीब 3 बजे पीछे तरफ से आ रही एक 18 चक्का ट्रेलर जिसमें लोहे का सरिया लोड था। उसका चालक तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाते हुये अमन यादव व सदावत देवांगन के ट्रक को ओवर टेक किया और अचानक सदाव्रत देवांगन के ट्रक के सामने लाकर लापरवाही पूर्वक ब्रेक लगा दिया जिससे सदाव्रत देवांगन की ट्रक पीछे तरफ से ठोकर लगने से एक्सीडेंट हो गया। सदाव्रत देवांगन अपने ट्रक के स्टेरिंग में दब गया जिसे किसी तरह बाहर निकालकर ईलाज के लिये सीएचसी धरमजयगढ में भर्ती कराया गया । सदाव्रत के एक्सीडेंट से पैर, हाथ, सीना में अन्दरूनी चोट लगने के कारण अस्पताल में मौत हो गया । घटना की रिपोर्ट अमन यादव पिता रामअवतार यादव उम्र 21 वर्ष सा. वाड्रफनगर थाना - बसंतपुर जिला बलरामपुर द्वारा थाना घरमजयगढ़ में दर्ज कराया गया है, रिपोर्ट पर धारा 304 (ए) भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

पुसौर में छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा सामग्री वितरित

रायगढ़। विगत 10 वर्षो से चली आ रही दत्तक पुत्री शिक्षा योजना अभियान का सत्र 2019-20 के लिए प्रथम कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसौर में संपन्न हुआ इस दौरान कन्या हाई स्कूल पुसौर, हाई स्कूल बड़े हल्दी, हाई स्कूल पंचपारा, हायर सेक स्कूल पड़ीगांव के 21 छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा उपस्कर सामग्री वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। विदित हो कि राष्ट्रपति पदक, राज्यपाल पुरस्कार तथा राष्ट्रीय बाल कल्याण पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक भरतलाल साहू की अगुवाई में वर्ष 2009 से प्रारंभ जरुरतमंद आर्थिक रूप से कमजोर तबके एवं मातृ पितृ विहीन छात्राओं को शिक्षा उपस्कर सामग्री स्कूल बैग, कापी, कम्पास, गणवेश जूता-मोजा इत्यादि सामग्री निःशुल्क प्रदान कर दत्तक पुत्री के रूप में बेटियों के शिक्षा सहयोग का दायित्व निर्वहन करने की जिम्मेदारी लेकर सहयोग किया जाता है।

शिक्षा सत्र 2019-20 के लिए इस कार्यक्रम की शुरुआत 6 जुलाई शनिवार को शा.उ.मा.वि.पुसौर विद्यालय परिसर में विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ की गई । इस अवसर पर

बेटियों की शिक्षा व संरक्षण का लिया संकल्प

पड़ीगांव हायर सेकेण्डरी के प्राचार्य जी.एम.भोय, कन्या हायर सेकेण्डरी पुसौर के प्राचार्य श्रीमती ए.बी. केरकेट्टा, राज्यपाल पुरुस्कार सम्मानित व्याख्याता लालाराम साहू, सेवा निवृत्त व्याख्याता खगेश्वर पटेल, पेंशनर संघ के तहसील अध्यक्ष छबिशंकर साहू, राज अग्रवाल कालिंदी कुंज रायगढ़ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे वहीं अभियान समिति से जुड़े नेतराम साहू (सचिव) भोजराम पटेल(प्रवक्ता) ओम साहू(सह सचिव) राजीव सिंह कुशवाहा, मनीष कुमार साहू सहित सहयोगियों तथा विद्यालय स्टाफ व पालकगणों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के प्रारंभ में दत्तक पुत्री शिक्षा सहयोग अभियान के संचालक भारत लाल साहू ने छात्र छात्राओं को शिक्षा के साथ साथ नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधरोपण करने व नैतिक शिक्षा के बारे में आह्वान करते हुए कहा कि कोई भी बेटी आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से बंचित नहीं होना चाहिए यही हमारा प्रयास है। इस अवसर पर लालाराम साहू ने बेटियों की प्रतिभा के बारे में वक्तव्य देते हुए दत्तकपुत्री शिक्षा योजना सहयोग अभियान में जुटे भरतलाल साहू व उनके सहयोगियों की सराहना की। नेतराम साहू ने रायगढ़ में महिला पुरुष लिंग अनुपात पूर्व की तुलना में सुधार होने को सुखद संदेश बताया तथा बेटियों को पढ़ने और आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। प्रवक्ता भोजराम पटेल ने अपने प्रेरक और ओजश्वी उद्बोधन में बेटियों की महत्ता का बखान किया व आज के जमाने में बेटा बेटी के बीच भेदभाव को दूर कर सबको समान महत्व देने की आवश्यकता बताई। प्राचार्य श्री भोय ने आयोजन के सभी सदस्यों और सहयोगियों को धन्यवाद देते हुए बेटियों की शिक्षा व प्रोत्साहन को आवश्यक बताया।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता आर.के.पटेल द्वारा किया गया ।

महिला से छेड़खानी, जुर्म दर्ज

रायगढ़। महिला से छेडछाड के मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार 06 जुलाई को थाना सारंगढ़ में 28 वर्षीय महिला द्वारा मोहल्ले के सिकंदर चौहान द्वारा छेडछाड करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है । पीडिता ने बताया कि इसका पति काम के सिलसिले में अक्सर घर से बाहर रहता है। यह अपने सास ससुर व बच्चों के साथ रहती है। 20 जून को महिला दोपहर करीब 3 बजे सिकन्दर चौहान के किराया मकान जहां इसकी सहेली किराये में रहती है । उससे मिलने गई थी, सहेली नहीं रहने पर घर की परछी में उसका इंतजार कर रही थी कि सिकंदर आया और अकेली पाकर छेडखानी करने लगा किसी तरह महिला उससे अपने आप को छुडाकर घर आयी लोकलाज से घटना किसी को नहीं बतायी थी। कल महिला का पति घर आया तो उसे घटना की जानकारी देकर थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी, रिपोर्ट पर सिकंदर चौहान के विरूद्ध धारा 354 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है ।

ट्रांसपोर्ट कार्यालय बन रहे आवागमन में बाधा

» यातायात पुलिस ने 9 वाहनों पर की कार्रवाई

रायगढ़। यातायात विभाग के द्वारा आज शाम शहर के शहीद चौक में दुकानों व गोदामों के सामने बेतरतीब खड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई । जिसमें 9 वाहनों पर यातायात विभाग ने गाज गिराई है।

गौरतलब रहे कि शहीद चौक से लेकर समलेश्वरी मंदिर होते हुए पैलेश रोड पहुंच मार्ग पिछले कई वर्षो से शहरवासियों के लिए शहर के मुख्य मार्गो पर जाम की स्थिति को देखते हुए वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपयोग होता आ रहा है। किंतु इस मार्ग पर ट्रांसपोर्ट के कार्यालय तथा कई दुकानों के बाहर वाहनों के बेतरतीब ढंग से सड़क किनारे खडे रहने तथा अवैध पार्किंग के चलते लोगों को आए दिन आवाजाही के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक सहित यातायात प्रभारी से शिकायत भी की गई थी। इसी मामले में पहल करते हुए ट्रेफिक डीएसपी श्री मिंज के नेतृत्व में यातायात विभाग ने इस मार्ग पर अभियान चलाया और ट्रांसपोर्ट कार्यालय तथा दुकानों के सामने सड़क पर खडे 9 वाहनों पर चालान की कार्रवाई की गई है।

रायगढ़ की बेटी ने यूरोप में बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान

» याशी ने यूरोप की सबसे उंची चोटी पर लहराया तिरंगा

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के रहने वाली याशी जैन ने कल यूरोप में सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुस पर तिरंगा लहराकर देश का गौरव बढ़ाया है। वहीं छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। याशी जैन छत्तीसगढ़ के एकलौती बेटी है जो पहली बार रायगढ़ से यूरोप जाकर वहां की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुस पर तिरंगा लहराकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। रायगढ़ की इस बेटी के गौरव से जहां छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने अपनी बधाई प्रेषित की है। वहीं उसके माता पिता ने अपनी बेटी की इस बड़े कदम को सराहते हुए कहा कि उसने उनका नाम पूरे विश्व में रोशन कर दिया और बेटियां कभी बेटो से कम नहीं होते। पंजाब नेशनल बैंक में बतौर अधिकारी के रूप में काम करने वाले याशी जैन के पिता आदिल जैन, माता अलका जैन व उसकी छोटी बहन ऊर्जा जैन बताती है कि शुरू से ही याशी कुछ नया करने के लिए आगे रहती थी। एमटैक की पढ़ाई करने के बाद उसने पर्वतरोही का शौक अपनाया था

और उसके लिए बकायदा उसने अलग-अलग जगह जाकर ट्रेनिंग भी लेती थी और समय-समय पर रायगढ़ के पहाडो पर चढ़कर अपनी प्रतिभा को निखारने की कोशिश करती थी। परिवार के लोग बताते हैं कि कड़ी मेहनत के चलते उसने यह मुकाम हासिल किया है और आगे चलकर वे एवरेस्ट की चोटी पर तिरंगा लहराना चाहती है।

आवश्यकता है

CAREER SCHOOL

अंग्रेजी माध्यम (English Medium) में नर्सरी से कक्षा 10वीं तक के लिए

गणित एवं अंग्रेजी विषय हेतु अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है।

वेतन योग्यतानुसार

मिलने का समय- सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक

अभ्यार्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।

CAREER SCHOOL

श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती रेखा श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं शक्तिमान व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, पीड़ितजन, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में तमाम सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480